NT>

Title: Need to provide relief to the people affected by drought in Singhbhum district, Jharkhand.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : सभापति महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में हर वर्ा आने वाले सूखे की स्थिति की तरफ दिलाना चाहता हूं। मेरा क्षेत्र लगभग पूरी तरह से सिंचाई के लिए वर्ा पर आधारित है क्योंकि यहां बिजली का अभाव है। लोगों के पास आर्थिक संसाधन कम होने के कारण, वर्ा न होने पर यहां के किसानों को अपने खेतों में सिंचाई से वंचित होना पड़ता है। तालाबों के सूखने से पशुओं को पानी नहीं मिल पाता है। इस साल भी वैसी ही स्थिति होनी थी। इसके लिए सूखे से राहत पहुंचाने हेतु मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में सूखे की स्थिति से सामना करने के लिए अभी से एक पैकेज उपलब्ध करवाना चाहिए।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि झारखंड के सिंहभूम क्षेत्र को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोाित करके अभी से सूखे में गरीब एवं आदिवासी लोगों के हित के लिए प्रबंध किये जाएं।